सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5700	15.01.2020	15.01.2020	**Punjab Moga**	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/punjab/moga-two-and-a-half-year-old-boy-from-usa-came-out-suffering-from-swine-flu-19937265.html
Title:	**Swine Flu case reported in district Moga, Punjab**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-**Moga,** SSU-**Punjab**			

कस्बा धर्मकोट में पिछले दिनों यूएसए से आए वर्षीय बच्चे में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने पर सेहत विभाग भी सतर्क हो गया है। सेहत विभाग की टीम ने पीड़ित के घर पर पहुंचकर उनको दवाई देकर ब्लड के सैंपल लिए हैं, वहीं आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक किया है।जिला एपिडोमोलॉजिस्ट नरेश कुमार ने बताया कि वर्ष 17-18 में स्वाइन फ्लू के 12, वर्ष 18-19 में 18 मरीज सामने आए थे। इसके अलावा कस्बा धर्मकोट में एक आटो चालक की मौत होने समेत एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं कस्बा बधनी कलां के सिगापुर से लौटी महिला पीड़ित पाई गई थी। लेकिन वर्ष 2020 में फिलहाल अभी एक मरीज स्वाइन फ्लू का सामने आया है। उन्होंने बताया कि कस्बा धर्मकोट में एक अढ़ाई वर्षीय बच्चे को उपचार के लिए लुधियाना के निजी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां जांच रिपोर्ट आने पर उसके स्वाइन फ्लू होने की पुष्टि हुई थी।

ये हैं स्वाइन फ्लू के लक्षण: स्वाइन फ्लू एक तीव्र संक्रामक रोग है, जो एक विशिष्ट प्रकार के एंफ्लुएंजा वाइरस (एच-1 एन-1) के द्वारा होता है। - प्रभावित व्यक्ति में सामान्य मौसमी सर्दी-जुकाम जैसे ही लक्षण होते हैं, ऐसे में नाक से पानी बहना या नाक बंद हो जाना, गले में खराश, खांसी, बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द, थकान, ठंड लगना, पेटदर्द व कभी-कभी दस्त उल्टी आना।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

कम उम्र के व्यक्तियों, छोटे बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को यह तीव्र रूप से प्रभावित करता है। कमजोर व्यक्ति, बच्चे, गर्भवती महिलाओं को इसका अधिक खतरा रहता है।

ऐसे करें बचाव

-खांसी, जुकाम, बुखार के रोगी दूर रहें।-आंख, नाक, मुंह को छूने के बाद किसी अन्य वस्तु को न छुएं व हाथों को अच्छी तरह धोएं।-खांसते, छींकते समय मुंह व नाक पर कपड़ा रखें।-सहज एवं तनावमुक्त रहिए। तनाव से रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता कम हो जाती है जिससे संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है।

-खूब उबला हुआ पानी पीयें व पोषक भोजन व फलों का उपयोग करें।-सर्दी-जुकाम, बुखार होने पर भीड़भाड़ से बचें एवं घर पर ही रहकर आराम करते हुए उचित (लगभग 7-9 घंटे) नींद लें। बच्चों और बुजुर्गों को होता है ज्यादा खतरा स्वाइन फ्लू का सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों और बुजुर्गों में होता है। साथ ही कम प्रतिरोधक क्षमता वाले या पहले से बीमार लोगों को भी ये बीमारी बहुत आसानी से हो जाती है। ऐसा कोई व्यक्ति जो काफी वक्त से बीमार हो, उसे भी इसका खतरा रहता है।

ये रखें सावधानियां

छींकते या खांसते समय हमेशा मुंह पर टिशू रखना चाहिए। बाहर जाना हो तो फेसमास्क लगाकर रखें। अपने हाथों को लगातार धोते रहें और दूसरी चीजों या सामान को ज्यादा छूने से बचें। हमेशा हैंड सैनिटाइजर का प्रयोग करें व ज्यादा पानी पिएं सेहत विभाग सतर्क : डॉ. नरेश

जिला एपिडोमॉलिजिस्ट नरेश कुमार ने बताया कि विभाग ने आईसोलेशन वार्ड समेत अन्य पुख्ता प्रबंध किए है। लेकिन आने वाले दिनों में अगर तापमान बढ़ता है तो समस्या बढ सकती है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1